# हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

बिलासपुर, रविवार, 25 जनवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



मंत्रोच्चार के साथ मां सरस्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना

2




**खबर संक्षेप**

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह जिला एवं मतदान केन्द्र स्तर पर आयोजित किये जायेगें। आयोग द्वारा 16वें मतदाता दिवस हेतु निर्धारित थीम मेरा भारत, मेरा वोट निर्धारित किया गया है। मतदान केन्द्र स्तर पर सभी बूथ लेवल अधिकारियों को अपने-अपने मतदान केन्द्र पर मतदाता दिवस का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत होंगे। विशिष्ट अतिथि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रवीण मिश्रा एवं सचिव व न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार कुशवाहा उपस्थित रहेंगे।

### 40 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जिले में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। थाना शिवरीनारायण पुलिस ने रेड कार्रवाई करते हुए 40 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी बादल भारद्वाज (26 वर्ष) निवासी खरौद, थाना शिवरीनारायण के कब्जे से करीब 10 हजार रुपये कीमत की महुआ शराब बरामद की। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## आधा दर्जन से अधिक लोकल ट्रेनें की गई रद्द

# खोखसा अंडरब्रिज : रात में साढ़े 3 घंटे तक चला गर्डर लॉचिंग का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खोखसा मार्ग पर रेलवे अंडरब्रिज के लिए गर्डर लॉचिंग का काम बीती रात शुरू हुआ। इस दौरान रेलवे के अफसरों की मौजूदगी में पहले गर्डर की लॉचिंग सफलतापूर्वक की गई। इधर तीन दिनों तक चलने वाले कार्य को लेकर आधा दर्जन से अधिक यात्री ट्रेनों को रद्द किया गया है।

ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम खोखसा मार्ग पर रेलवे अंडरब्रिज के लिए गर्डर लॉचिंग का कार्य शुक्रवार 23 जनवरी की रात 9 बजे से लेकर 12:30 के बीच गर्डर लॉचिंग का कार्य किया गया। इस कार्य के लिए रेलवे के इंजीनियरों के साथ साथ ठेकेदारों के अंतर्गत काम करने वाले करीब 100 श्रमिकों की ड्यूटी लगाई गई थी। सुरक्षा के बीच गर्डर लॉचिंग का काम किया गया। जिसके कारण जांजगीर नैला मार्ग से होकर गुजरने वाली आधा दर्जन से अधिक ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कुछ ट्रेनों का परिचालन गंतव्य से पहले ही समाप्त कर दिया गया। गर्डर लाचिंग का कार्य रविवार 25 जनवरी को भी किया जाएगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस अवधि में कुल 6 ट्रेनें रद्द रहेंगी, वहीं 2 ट्रेनें अपने निर्धारित गंतव्य तक नही जाएंगी और बीच रास्ते में ही समाप्त कर दी जाएंगी। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पूर्व अपनी ट्रेन की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। प्रभावित ट्रेनों की सूची और वैकल्पिक व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित रेलवे स्टेशनों और आधिकारिक माध्यमों पर उपलब्ध कराई जा रही है। जांजगीर नैला चांपा सेक्शन में किया जा रहा यह कार्य रेल संरचना की मजबूती और भविष्य में सुरक्षित परिचालन को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। कार्य पूर्ण होने के बाद ट्रेनों का संचालन सामान्य रूप से बहाल कर दिया जाएगा। इससे पहले रेलवे ने 17 और 18 जनवरी को भी कुछ ट्रेनों को रद्द किया था। बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर और बिलासपुर-कोरबा- बिलासपुर मेमू लोकल ट्रेन दो दिन नही चली थी। बिलासपुर रेल मंडल के कोटमीसोनार-जयरामनगर सेक्शन के बीच ट्रैफिक ब्लॉक लेकर मेंटेनेंस वर्क किया गया था। इसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने और गुजरने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित थी 23 एवं 25 जनवरी को रायगढ़ से चलने वाली रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 23 एवं 25 जनवरी को बिलासपुर से चलने वाली बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 23 एवं 25 जनवरी को रायगढ़ से चलने वाली रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 22 एवं 24 जनवरी को बिलासपुर से चलने वाली बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 23 एवं 25 जनवरी को कोरबा से चलने वाली कोरबा-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 23 एवं 25 जनवरी को बिलासपुर से चलने वाली बिलासपुर-कोरबा मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

इस संबंध में बिलासपुर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अंबिकेश साहू का कहना है कि गर्डर लॉचिंग कार्य के चलते आधा दर्जन से अधिक लोकल ट्रेनों को रद्ऊद किया गया है।



गर्डर लॉचिंग कार्य में लगे इंजीनियर व श्रमिक।

# राइस मिल के रिकार्ड संधारण में मिली गड़बड़ी, 22 हजार क्विंटल धान जब्त

## बलौदा ब्लाक के कुदरी में हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राईस मिल के रिकार्ड संधारण और मिल संचालन में अनियमितता पाए जाने पर 21 हजार 902 क्विंटल धान जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई बलौदा ब्लाक के कुदरी में हुई है।

गौरतलब है कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देश पर जिले में अवैध धान भंडारण, कोचियों-बिचौलियों एवं राइस मिलों पर राजस्व एवं खाद्य विभाग द्वारा सतत जांच एवं छापेमारी कार्रवाई की जा रही है। जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू ने बताया कि 23 जनवरी को विकासखंड बलौदा के ग्राम पंचायत कुदरी स्थित श्री हरि राइस मिल में खाद्य विभाग की टीम द्वारा अचानक छापेमारी की गई। जांच के दौरान राइस मिल संचालक अभिनव राठौर मौके पर उपस्थित थे। भौतिक सत्यापन के दौरान राइस मिल में 545 बोरा धान कुल 218 क्विंटल की कमी पाई गई। साथ ही मिल के रिकॉर्ड संधारण एवं मिल संचालन में अनियमितता पायी गई। जांच कार्यवाही में टीम द्वारा 54,755 बोरा धान कुल 21 हजार 902 क्विंटल को प्रशासनिक अभिरक्षा में लिया गया एवं अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में कोचियों, बिचौलियों एवं राइस मिलों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अवैध धान को समिति स्तर पर खरीदी में खपाने से रोकने के उद्देश्य से राजस्व, खाद्य, मंडी एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त उड़नदस्ता टीम द्वारा नियमित सत्यापन, गश्त एवं छापेमारी कार्यवाही निरंतर जारी है।



राइस मिल का निरीक्षण करने पहुंचे अफसर।

### भौतिक सत्यापन गड़बड़ी पर होगी सख्त कार्रवाई : तोपनो

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों, उपार्जन केंद्र नोडल अधिकारियों एवं सेक्टर अधिकारियों की कड़ी समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया में सभी संबंधित अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी के साथ भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें। खरीदी केंद्रों पर पारदर्शिता एवं नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी की संभावना न रहे। यदि किसी स्तर पर लापरवाही या गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री तोपनो ने निर्देश दिए कि पीवी एप के माध्यम से ही टोकन सत्यापन किया जाए। साथ ही, जिनका भौतिक सत्यापन हो चुका है, उनका पुनः सत्यापन करने के भी निर्देश दिए गए हैं। जिस उपार्जन केंद्र में जितने निर्धारित टोकनों का सत्यापन हुआ है, उतनी ही मात्रा में धान खरीदी की जाए। टोकन के अनुसार ही किसानों से धान लिया जाए तथा निर्धारित मात्रा से अधिक धान खरीदी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। नियमों के उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिस दिन जिस किसान का टोकन निर्धारित है, उसी दिन उसका पूर्ण भौतिक सत्यापन कर धान खरीदी की जाए। कलेक्टर ने शेष चार दिनों की खरीदी अवधि को अत्यंत संवेदनशील बताते हुए सभी अधिकारियों को पूरी मुस्तैदी, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के सख्त निर्देश दिए।

# वाहन को टक्कर मारकर खेत में पलटा ट्रक, तीन लोगों को आई गंभीर चोटें, अस्पताल में चल रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी

ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ईको वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ईको वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। इधर घटना के बाद ट्रक बिजली खंभे को तोड़ते हुए सड़क किनारे जा पलटी। इस घटना में तीन लोगों को गंभीर चोटें आई है। जिनका उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। घटना बम्हनीडीह ब्लाक के ग्राम गोविंदा का है।

**खास बात**

- बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के ग्राम गोविंदा की घटना, चावल से भरी थी ट्रक

इस संबंध में जानकारी के अनुसार बम्हनीडीह ब्लॉक के गोविंदा गांव के बस स्टैंड मोड़ के पास शनिवार 24 जनवरी की दोपहर शराब के नशे में धुत ट्रक चालक ने जमकर तांडव मचाया। चांपा रोड तरफ से चावल भरकर आ रहा ट्रक क्रं. सीजी 11 एच 7770 तेजरफ्तार चलाते हुए ईको गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद 11 केवी लाईन खंभे को तोड़कर साथ ही घर के अहाता को तोड़ते हुए सीधे खेत में जा पलटी। हादसे में ट्रक चालक को मामूली चोटें आईं है। हादसे में ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे हजारों रुपये का नुकसान हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चालक शराब के नशे में चूर होकर ट्रक चला रहा था नशे में तेज रफ्तार के कारण वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और हादसा हो गया। शनिवार दोपहर नशे में चूर ट्रक ड्राइवर द्वारा तेजरफ्तार ट्रक चलाते हुए चांपा तरफ से आ रहा था तभी वह गोविन्दा बस स्टैंड मोड़ पहुंचा था, जहां नवागढ़ कि ओर से आ रही ईको वाहन को टक्कर मारकर 11 केवी विद्युत लाइन भी क्षतिग्रस्त कर रामलाल पटेल के घर का अहाता को तोड़ते हुए खेत में जा पल्टा जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



हादसे के बाद पलटी ट्रक।

### रेटी टू ईट आपूर्ति में की जा रही कटौती, शिकायत

**बम्हनीडीह।** बम्हनीडीह ब्लाक के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट आपूर्ति में कटौती करने का मामला सामने आया है। प्रत्येक केन्द्र में निर्धारित मात्रा से 5 से 10 पैकेट कम दिए जा रहे है। इस बात को लेकर शिकायत की गई है। ज्ञात हो कि बम्हनीडीह परियोजना में यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। नाम नहीं छापने के शर्त पर दर्जनों आंगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने बताया है कि बम्हनीडीह के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में पिछले 6 महीनों से रेडी टू ईट फूड की आपूर्ति में भारी कटौती की जा रही है। प्रत्येक केंद्र में निर्धारित मात्रा से 5 से 10 पैकेट कम दिए जा रहे हैं। पैकेट आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिए बच्चों और गर्भवती महिलाओं के घरों तक पहुंचने चाहिए थे, वे कथित तौर पर खुले बाजार में बेचे जा रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के उच्च अधिकारियों ने अब तक इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया है। इस संबंध में महिला एवं बाल अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल का कहना है कि बम्हनीडीह ब्लाक में रेडी टू ईट फूड आपूर्ति में कटौती की शिकायत मिली है। इसकी जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अमरीका से आए गांव के लाल के स्वागत में उमड़ पड़ी भीड़

# हमर तुलसी के भुईयां ल कर देया अंजोर...

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

तकरीबन चार दशक से अमरीका में निवासरत हरनारायण शुक्ल अपने छोटे भाई छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाशनारायण शुक्ल के साथ गृह ग्राम तुलसी पहुंचे तो उनके स्वागत में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान 'हमर तुलसी के भुईया ल कर देया अंजोर' गीतों के साथ उनका स्वागत किया गया तो आत्मीयता और प्रेमभाव से सभी की आंखे छलक उठी।

जिले के नवागढ़ ब्लाक अंतर्गत ग्राम तुलसी के मूल निवासी और अमरीका के मीनिया पोलिस में निवासरत हरनारायण शुक्ल का शनिवार 24 जनवरी को गांव में आगमन हुआ। उनके साथ उनके छोटे भाई प्रसिद्ध मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाशनारायण शुक्ल भी साथ रहे। उनके आगमन पर गांव के अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वागत कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान उपस्थित छात्र छात्राओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए हरनारायण शुक्ल ने अपनी बचपन की यादें साझा की। उन्होंने गांव में सहपाटियों के साथ बिताए गए पलों के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रसिद्ध मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाशनारायण ने भी बचपन की यादें साझा की। इस मौके पर सेवानिवृत्त प्राचार्य गोरेलाल शर्मा ने पुराने दिनों में स्कूल नहीं होने पर उदयभांठा और मिस्दा में पढ़ाने करने की बातें बताई। इसके अलावा तुलसी गांव के अप्रवासी भारतीयों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल के संगीत शिक्षक लक्ष्मीप्रसाद कश्यप ने हमर तुलसी के भुईयां ल कर देया अंजोर की प्रस्तुति देकर सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य देवराज कश्यप ने किया। इस मौके पर आशीष शुक्ला, जोगेन्द्र शुक्ला, देवेन्द्र शुक्ला, सेवा सहकारी समिति तुलसी के अध्यक्ष किशोर कश्यप, लखन साहू, दिलहरण भानु, माखन साहू, राजेन्द्र कश्यप, उत्तम दास महंत सहित शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राओं के साथ ग्रामीण उपस्थित रहे।



ग्रामीणों से चर्चा करते हरनारायण शुक्ल तथा साथ में डा. प्रकाश व परिवार के सदस्य






# मातृभूमि गाने के टीजर में दिखी गलवां घाटी की झलक

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर काफी पहले रिलीज हो चुका है। शुक्रवार को भाईजान ने अपनी फिल्म के पहले गाने 'मातृभूमि' से जुड़ा एक टीजर साझा किया। सलमान खान ने अपनी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' के पहले गाने 'मातृभूमि'का जो टीजर शेयर किया है, उसकी शुरुआत में बैगुल की आवाज सुनाई देती है। आगे गलवां घाटी और भारत का झड़ा नजर आता है। यह टीजर 15 सेकेंड का है। 'मातृभूमि' गाने को हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है। समीर अंजान ने इस गाने को लिखा है। अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने इसे गाया है।

## लाइफ Style

# मेधा

## लंदन फाइल्स से कॅरियर की शुरुआत

एजेंसी ⏭ मुंबई

'बॉर्डर 2' के सिनेमाघरों में रिलीज होते ही अभिनेत्री मेधा राणा सुर्खियों में आ गई थे। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिका में नजर आए थे।

फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही थे। इस वॉर ड्रामा फिल्म में नवोदित अभिनेत्री मेधा राणा भी नजर आई थे। मेधा फिल्म में वरुण धवन के अपोजिट नजर आई थे। फिल्म के टीजर के बाद से ही मेधा राणा सुर्खियों में हैं और अब रिलीज के बाद लोग मेधा राणा के बारे में जानना चाहते थे। 'बॉर्डर 2' से सुर्खियां बटोरने वाली मेधा राणा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2022 में आई वेब सीरीज 'लंदन फाइल्स' से की थी। इस सीरीज में उनके साथ अभिनेता अर्जुन रामपाल प्रमुख भूमिका में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने नेटफ्लिक्स की सीरीज 'फ्राइडे नाइट प्लान' में बाबिल खान के साथ अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा मेधा कई ब्रांड्स के विज्ञापनों में भी नजर आई थे। अब 'बॉर्डर 2' जैसी बड़ी फिल्म में नजर आने के बाद मेधा के करियर को नई पहचान मिलने की उम्मीद है।25 दिसंबर 1999 को जन्मी मेधा एक ऐसे परिवार में पली-बढ़ीं, जिसका सार्वजनिक क्षेत्र से गहरा संबंध था। उनके पिता सुनील राणा सरकारी कर्मचारी थे। उनकी मां ऋतु राणा ने स्किल्स एकेडमी शख्सियत की सह-स्थापना की है और उनकी एक बहन हैं, जिनका नाम प्रियंका राणा है। मेधा ने चंडीगढ़ के कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है।



## हॉलीवुड मसाला




# वन बैटल में दिखा गजब का एक्शन-थ्रिल

**लॉस एंजिल्स।** लियोनार्डो डिकैप्रियो की हॉलीवुड फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' में बस एक पिता का संघर्ष नहीं है, इस कहानी के जरिए अमेरिका के 60 और 80 के दशक को दिखाया गया है। कैसे उस दौर में अमेरिका बदल रहा था, कैसे अन्याय अपने चरम पर था। इस फिल्म में उस दौर की कई सामाजिक बुराइयों को भी दिखाया गया है। पॉल थॉमस एंडरसन निर्देशित इस फिल्म में गजब का एक्शन, थ्रिल देखने को मिला है। फिल्म के बारे में कहा जा रहा है कि इसमें कई वास्तविक क्रांतिकारी समूहों से प्रेरणा ली गई है।



# सिनर्स ने बॉक्स ऑफिस पर वसूले थे 3255 करोड़

**लॉस एंजिल्स।** सिनर्स फिल्म पिछले साल नॉर्थ अमेरिका में सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म ने वहां 280 मिलियन डॉलर कमाए, जबकि विदेशों में 88 मिलियन डॉलर की कमाई की। इस तरीके से इस फिल्म का कुल वर्ल्ड वाइड कलेक्शन 368 मिलियन डॉलर (3255 करोड़) पहुंच गया है। जबकि फिल्म का बजट केवल 90–100 मिलियन डॉलर है। भारत में फिल्म की कमाई 12 करोड़ हुई थी। अगर आप ओटीटी प्लेटफार्म पर सिनर्स फिल्म को देखना चाहते हैं, तो आप जियो हॉटस्टार पर इस फिल्म को स्ट्रीम कर सकते हैं। हालांकि, फिल्म हिंदी भाषा में मौजूद नहीं है। लेकिन, सबटाइटल के साथ फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इस फिल्म में माइकल बी. जॉर्डन लीड रोल में हैं।



# काले चश्मे में खूब जचीं करीना...

**मुंबई।** करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई थे। फिल्म की शूटिंग लगभग खत्म हो चुकी है और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। इसी बीच करीना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है, जिसमें वह मुंबई एयरपोर्ट में कैजुअल लुक में नजर आईं। करीना कपूर खान शुक्रवार को सुबह जब मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचीं तो पैपराजी ने जमकर फोटो क्लिक की। इस दौरान ब्लू जींस और रेड स्वेटशर्ट में करीना बेहद स्टाइलिश नजर आईं। इस लुक को करीना ने अपने ब्लैक सनग्लासेस से इनहैंस किया है। करीना के फैंस ने उनके इस लुक पर लाल दिल वाले और फायर इमोजी शेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'क्वीन हैं बेबो', एक दूसरे फैन ने पूछा, 'कब रिलीज हो रही है आपकी फिल्म 'दायरा।'



# बेटे को वर्दी में देख भावुक हो गए सुनील...

**मुंबई।** साल 1997 में रिलीज हुई 'बॉर्डर' के सीक्वल नें बेटे अहान शेट्टी के काम को देखकर सुनील शेट्टी का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। उन्होंने 29 साल पहले जेपी दत्ता की मूवी में काम किया था। लेकिन, उनके किरदार की मौत हो गई थी, जिससे वह इस बार इसका हिस्सा नहीं बन सके। मगर लाडले के लिए उन्होंने भावुक पोस्ट किया है और मन की भावनाओं को खुलकर जाहिर किया है। एक्टर ने लिखा, मेरे बेटे, आज मैं तुमको बताता हूं कि मेरे लिए बॉर्डर एक फिल्म नहीं थी, जिसमें मैंने काम किया। ये एक जिम्मेदारी बन गई थी, जो मैंने कैमरा के बंद होने के बाद भी निभाई। सालों बाद, तुमको वर्दी पहने देखने से ये बात साबित होती है कि ये सिर्फ नॉस्टैल्जिया नहीं है, बल्कि एक रिमाइंडर है। अनुशासन का, बलिदान का, मौन का और साहस का।'

## टीवी मसाला

# एक्टिंग से खुश हूं, लेकिन एक्टर न होता तो आर्किटेक्ट होता : पार्थ

**नई दिल्ली।** कलर्स के शो सहर होने को है से चर्चा में आए अभिनेता पार्थ समथान ने अपने किरदार माहिद और अब तक के कॅरियर पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि माहिद का किरदार काफी अलग है। बचपन में उसके साथ कई दर्दनाक घटनाएं हुई हैं, जिनसे वह आज तक उबर नहीं पाया। मां-बाप से दूर होना पड़ा, इसी वजह से वह प्यार से दूरी बनाए रखता है। माहिद गलत के खिलाफ खड़ा होता है और इंसाफ में विश्वास रखता है, हालांकि उसका तरीका थोड़ा अलग है। पार्थ ने कहा कि सोशल मीडिया पर उन्हें और शो को जो प्यार मिल रहा है, उससे वह बहुत खुश हैं। शो कैसी ये यारियां से चर्चा से आए पार्थ ने करियर को लेकर कहा कि पिछले 10–12 सालों में बहुत कुछ बदला है। उन्होंने सीखा है कि इंसान को कहीं भी हो, सीखना कभी बंद नहीं करना चाहिए। इन सालों में उन्होंने अपने काम और किरदारों से बहुत कुछ सीखा है। पार्थ ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने 12 साल पहले एक्टिंग को करियर के रूप में चुना और उन्हें कोई पछतावा नहीं है। अगर एक्टर नहीं होते तो? इस सवाल पर पार्थ ने मुस्कुराते हुए कहा कि वह आर्किटेक्ट होते। हालांकि, उन्होंने मजाक में कहा कि यह पेशा उनके लिए थोड़ा टॉर्चर जैसा होता। कहा- मैं अक्सर मजाक में आर्किटेक्चर को 'आर्किटॉर्चर'कहता था। उन्होंने बताया कि आर्किटेक्चर की पढ़ाई और शुरुआती साल काफी मेहनत भरे होते हैं। इसी वजह से वह अपने फैंस के शुक्रगुजार हैं जिन्होंने उन्हें बतौर एक्टर इतना प्यार दिया।



## लाफ्टर शेफ्स 3 में हुई नई एंट्री

**नई दिल्ली।** कुंकिग का कॉमेडी शो 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' दर्शकों को खूब एंटरटेन कर रहा है। इस शो में 7 जोड़ियां यानी 14 कंटेस्टेंट्स हैं, जिनमें से अब 5 कंटेस्टेंट्स आपको 31 जनवरी के एपिसोड में नजर नहीं आएंगे। उन्होंने अपनी किसी न किसी वजह से इस शो को बीच में अलविदा कह दिया है और उसकी जगह सावन ने ले ली है। जिसके बारे में होस्ट भारती सिंह ने बताया है। 'लाफ्टर शेफ्स 3' का फाइनल फेस ऑफ 24 जनवरी और 25 जनवरी को टेलीकास्ट होगा। जिसमें से टीम छूरी या फिर टीम कांटा में से कोई एक जीतेगा और उसे चमचमाती ट्रॉफी मिलेगी। इसके बाद 31 जनवरी को प्रसारित होने वाले एपिसोड में पांच पुराने सदस्यों को नए सदस्य रिप्लेस करेंगे और शो फिर से दिलचस्प हो जाएगा। ईशा मालवीय, ईशा सिंह, देबिना बनर्जी, विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी ने 'लाफ्टर शेफ्स 3' को छोड़ दिया है। अब उनकी जगह सावन यानी सुदेश लहरी, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, अर्जुन बिजलानी और निया शर्मा दिखाई देंगे। एल्विश यादव के पार्टनर अर्जुन बनेंगे और बाकी चारों जोड़ियो में पुराने सीजन की यादें ताजा करेंगे। इनके आने से फैंस भी बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। शो को छोड़ने वाले पांचों कंटेस्टेंट्स की बात करें तो वो सभी उतने मिलनसार नहीं थे, जितने बाकी सब रहे। उन्होंने न तो ज्यादा स्टार्स जीते और न ही दर्शकों का उतना मनोरंजन किया, जिससे उनके जाने से किसी को फर्क पड़े।



# सिनेमाघरों में कपड़े उतार कर नाचे फैंस अजित कुमार को कोल्ड ड्रिंक से नहलाया

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में साउथ के अभिनेता अजित कुमार की एक फिल्म दोबारा रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस जश्न मना रहे थे। साउथ के अभिनेता और रेसर अजित कुमार की बड़ी फैन फॉलोइंग है। फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते थे। ऐसे में अभिनेता की साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'मनकथा' 23 जनवरी को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस पर उनके फैंस ने जबरदस्त उत्साह दिखाया है। फैंस अजित की फिल्म देखकर सिनेमाघरों में डांस करते, सीटी बजाते और चीखते नजर आए। अजित कुमार के फैंस जब सिनेमाघरों में इस फिल्म को देखने पहुंचे तो उन्होंने अजित कुमार के पोस्टर पर दूध और कोल्ड ड्रिंक डाला। कई फैंस थिएटर के अंदर कॉन्फेटी उड़ाते हुए नजर आए। डायरेक्टर अधिक रविचंद्रन, जिन्होंने अजित की फिल्म 'गुड बैड अग्ली' का निर्देशन किया है, वह एक्टर के मैनेजर सुरेश चंद्र के साथ कमला सिनेमाज गए, ताकि फैंस के साथ 'मनकथा' की री-रिलीज का जश्न मना सकें। सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हैं जिसमें देखा जा सकता है कि फैंस स्क्रीन के पास फिल्म के गानों पर नाचते हुए दिख रहे थे। सिर्फ तमिलनाडु में ही नहीं, केरल में भी फैंस को फिल्म की री-रिलीज का जश्न मनाते हुए देखा गया। आपको बता दें कि 'मनकथा' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसे वेंकट प्रभु ने लिखा और इसका निर्देशन किया है। फिल्म की स्टार कास्ट में अजित कुमार, अर्जुन सरजा, तृषा कृष्णन, लक्ष्मी राय, अंजलि और जयप्रकाश थे। इसके गाने आज भी दर्शकों के जेहन में ताजा थे। आखिरी बार अजित कुमार फिल्म 'गुड बैड अग्ली' 2025 में नजर आए थे। उन्होंने रेसिंग कमिटमेंट्स की वजह से काम से ब्रेक लिया था।



# बॉर्डर 2 का दर्शकों पर चला जादू सनी के अभिनय का दिखा दम



**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' शुक्रवार को रिलीज हो गई है। यह साल 1997 में आई फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' पर नेटिजन्स के शुरुआती रिएक्शन देखकर साफ है कि इस फिल्म का जादू उन पर चल गया है। दर्शक पुरानी यादों में खो गए थे। कुछ दर्शक इसे 'बॉर्डर' से भी बढ़कर बता रहे थे। दर्शक इसे रोंगटे खड़े कर देने वाली फिल्म बता रहे हैं और लिख रहे हैं कि इसे देखकर आंखें नम हो जाएंगी। सनी देओल के अभिनय का दम दिखा है। एक यूजर ने लिखा है, 'इस फिल्म को परिवार के साथ जरूर देखा जाना चाहिए। यह फिल्म देखते हुए थिएटर मानो किसी स्टेडियम में बदल जाता है। डायलॉग इतने दमदार हैं कि लोग सीटी बजाते हैं और तालियां गूंजती हैं'। फिल्म 'बॉर्डर 2' में सिर्फ सनी देओल ही नहीं, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत ने भी कमाल का काम किया है। एक यूजर ने लिखा है, 'सनी देओल ने पर्दे पर आग लगा दी। वरुण धवन भी सरप्राइज करते थे। उनकी एक्टिंग देखकर ट्रोल करने वालों की बोलती बंद हो जाएगी। फिल्म का क्लाइमैक्स जबर्दस्त है'। यूजर कह रहे हैं कि फिल्म 'बॉर्डर 2', साल 1997 की 'बॉर्डर' को शानदार ट्रिब्यूट है। इमोशंस इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत हैं, बस पहली वाली फिल्म से इसकी तुलना मत करिएगा। वहीं, एक यूजर ने लिखा है कि इस फिल्म में 'बॉर्डर 2' की विरासत को बहुत शानदार तरीके से संभाला गया है। फिल्म की कहानी, सितारों के अभिनय के अलावा फिल्म का संगीत भी दर्शकों को पसंद आया है। 'मिट्टी के बेटे' सॉन्ग दर्शकों को सबसे दमदार लगा है। हालांकि, यह भावुक भी करता है। फिल्म देखकर लौटे दर्शक हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए बाहर निकल रहे थे। यूजर्स दावा कर रहे हैं कि यह फिल्म ब्लॉकबस्टर होगी।

## गुंजन सक्सेना से लेकर नीरजा तक में दिखा नारी शक्ति का साहस

# कई फिल्मों में नजर आया देशभक्ति का जज्बा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई फिल्में बनी हैं, जिनमें देशभक्ति का जज्बा, अपने देश के लिए बलिदान की कहानी दिखाई गई है। ऐसी कुछ महिला प्रधान फिल्में भी बड़े पर्दे पर देखने को मिली हैं। यह फिल्में दिखाती हैं कि कैसे नारीशक्ति अपने देश के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहती है। यह फिल्में आम महिलाओं को भी प्रेरित करती हैं। देश के लिए बलिदान देने वालों में महिलाएं और पुरुष दोनों ही शामिल रहे हैं। यह देश गणतंत्र बन सका, इसमें भी दोनों की भागीदारी बराबर रही। सिनेमा के पर्दे पर भी ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जिसमें नारी शक्ति ने बलिदान, साहस की मिसाल पेश किए। देशभक्ति का जज्बा ऐसी फिल्मों में नजर आया।

### गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल

साल 2020 में रिलीज हुई जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल'में एक लड़की के एयरफोर्स ऑफिसर बनने की कहानी थी। इस सपने को पूरा करने में उसे अपने पिता (पंकज त्रिपाठी) का साथ मिलता है। असल गुंजन सक्सेना ने कारगिल युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। वह कारगिल युद्ध के दौरान युद्ध क्षेत्र में उड़ान भरने वाली पहली महिला एयरफोर्स ऑफिसर थीं। गुंजन 900 से ज्यादा घायल सैनिकों को कारगिल क्षेत्र से निकालने वाले ऑपरेशन का हिस्सा रही थीं।

**तेजस** : साल 2023 में कंगना रनौत की फिल्म 'तेजस' रिलीज हुई। इसमें उन्होंने एक इंडियन एयरफोर्स ऑफिसर तेजस गिल का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका किरदार एक भारतीय जासूस को रेसक्यू करता है। फिल्म 'तेजस' को सर्वेश मेवड़ा ने लिखा और निर्देशित किया था।







### परमाणुः द स्टोरी ऑफ पोखरन

2018 में आई फिल्म 'परमाणु : द स्टोरी ऑफ पोखरन' में डायना पेंटी ने इंटेलीजेंस ब्यूरो की कैप्टन अंबालिका बंद्योपाध्याय नाम का एक फिक्शन किरदार निभाया था। इस फिल्म मे वो एक सख्त इंटेलीजेंस ऑफिसर के रोल में नजर आईं। वह पोखरन में हुए परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाती हैं।

**राजी** : आलिया भट्ट स्टारर फिल्म 'राजी'साल 2019 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म दर्शकों को पसंद आई। फिल्म में आलिया भट्ट ने सहमत नाम की भारतीय जासूस का किरदार निभाया था। यह फिल्म हरिंदर सिक्का की किताब 'कॉलिंग सहमत' पर आधारित थी। सहमत जासूरी मिशन पर पाकिस्तान जाती है। पाकिस्तान के एक आर्मी ऑफिसर फैमिली की बहू बनती है। यहां रहकर वह हिंदुस्तान के लिए जरूरी जानकारी जुटाती हैं। देश तक वह जानकारी पहुंचाती है। यह फिल्म एक महिला के अपने देश के लिए असीम प्यार को दिखती है।

### आर्टिकल 370

*दो साल पहले रिलीज हुई फिल्म 'आर्टिकल 370' में यामी गौतम ने एनआईए एजेंट जूनी हक्सर का किरदार निभाया था। यह फिल्म फिल्म सत्य घटनाओं से प्रेरित बताई जाती है। इस फिल्म के अलावा 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' में भी यामी ने एक भारतीय खुफिया अधिकारी जैस्मिन अल्मेड़ा का किरदार निभाया था। फिल्म में विक्की कौशल लीड रोल में थे लेकिन यामी का किरदार भी काफी अहम था।*

### नीरजा भनोट

*2016 में रिलीज हुई फिल्म 'नीरजा' में सोनम कपूर ने लीड रोल निभाया था। राम माधवानी निर्देशित इस फिल्म की कहानी एयर होस्टेस नीरजा भनोट की पर थी। नीरजा ने 1986 में हाईजैक हुए प्लेन में फंसे यात्रियों की जान बचाई। इस प्लेन में मौजूद 379 लोगों में से 359 बच गए थे। लेकिन आतंकवादियों का सामना करते हुए नीरजा ने अपनी जान गंवा दी थीं।*

## खबर संक्षेप

### भाजपा अजा मोर्चा की बैठक में संत रविदास जयंती मनाने हुई चर्चा




**जांजगीर-चांपा।** भाजपा कार्यालय जांजगीर में 22 जनवरी गुरुवार को अपरान्ह 3 बजे अनुसूचित जाति मोर्चा जिला जांजगीर-चांपा की कामकाजी बैठक संपन्न हुआ। 1 फरवरी को संत रविदास जयंती की तैयारी व अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक की चर्चा की गई, जिसमें मुख्य रूप से राजेश्वर पाटले जिला अध्यक्ष भाजपा अजा मोर्चा, डॉ ललित कुर्रे जिला महामंत्री भाजपा अजा मोर्चा व प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा अजा, रमेश सोनवानी जिला उपाध्यक्ष अजा मोर्चा, देवा गढ़वाल जांजगीर नगर अध्यक्ष अजा मोर्चा, हरदेव टंडन , रोहित कुर्रे पूर्व मंडल अध्यक्ष अजा आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी डॉ ललित कुर्रे ने दी।

### मल्दा में कृष्ण लीला, नाग लीला और मेला महोत्सव का हो रहा आयोजन



**बिर्रा।** गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के रामसागर डोंगिया तालाब में नाग लीला और ज़मडी रोड मल्दा में कृष्ण लीला का आयोजन हो रहा है। इस संबंध में समाज सेवक उत्तम कुमार कश्यप ने बताया कि 19 जनवरी से मेला महोत्सव एवं कृष्ण लीला का रात्रि में आयोजन चल रहा है। यह कृष्ण लीला लगातार 25 जनवरी रविवार तक प्रत्येक रात्रि में रात्रि 8 से रात्रि 12 बजे तक कृष्ण लीला का मंचन एवं आयोजन होगा। 23 जनवरी शुक्रवार से नाग लीला का आयोजन राम सागर डोंगिया तालाब में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रत्येक दिवस चल रहा है। नागलीला में मच्छ अवतार एवं शंखाशुर वध, कालिदह, गजग्राह युद्ध का मंचन किया जाएगा। नाग लीला 25 जनवरी रविवार तक चलेगा। मेला महोत्सव में कई प्रकार के दुकान लगी है। कृष्ण लील, नाग लीला और मेला महोत्सव को देखने लोगों की भीड़ पहुंच रही है।

### संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ की शशिकला उरांव बनी जिलाध्यक्ष



**मालखरौदा।** मालखरौदा विकासखंड के बड़े कोट में 22 जनवरी को विक्रम राय प्रांतीय अध्यक्ष संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ, गोवर्धन वर्मा जिलाध्यक्ष बलौदाबाजार, वीरेंद्र बंजारे ब्लॉक अध्यक्ष व लोचन प्रसाद नेताम ब्लाक सचिव भाठापारा, कमलेश कुमार घृतलहरे ब्लॉक अध्यक्ष डभरा, मदन जायसवाल ब्लॉक अध्यक्ष सक्ती, श्याम सुंदर तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष मालखरौदा, संतोष कुमार नेताम ब्लॉक अध्यक्ष जैजैपुर व समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयक की उपस्थिति में सक्ती जिला के पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से श्रीमती शशिकला उरांव को निर्विरोध जिलाध्यक्ष, वेदप्रकाश चौहान सचिव, वीरेंद्र डनसेना उपाध्यक्ष, गोपी कुमार यादव कोषाध्यक्ष, लोचन प्रसाद चंद्रा सहसचिव, श्याम सुंदर तिवारी व श्री महेंद्र प्रताप राठौर संरक्षक मनोनीत किया गया। कार्यक्रम का संचालन घासी राम चंद्रा संकुल समन्वयक चांटीपाली द्वारा किया गया।

## निधन/श्रद्धांजलि

### दुर्गेश पटेल

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा के शांति चौंक निवासी प्रतिष्ठित नागरिक पूरन पटेल के पुत्र दुर्गेश पटेल का



गुजरात में गुरुवार 22 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। वे 40 वर्ष के थे। स्व. पटेल अपने पीछे तीन पुत्री एवं एक पुत्री सहित पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। अंतिम संस्कार अमरैया स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि सुपुत्र देव कुमार पटेल ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओ के अलावा ग्रामवासी और रिश्तेदार बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### कमल कुमार अग्रवाल

**नैला-जांजगीर।** नगर के प्रतिष्ठित फर्म बनारसीलाल फत्तेचंद के कमल कुमार अग्रवाल का 14 जनवरी को निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन पर नैला मारवाड़ी धर्मशाला में शोक सभा का



आयोजन किया गया, जिसमें धर्मसेवा समिति के अध्यक्ष राजेश पालीवाल, राधेश्याम शर्मा, मोहनलाल अग्रवाल, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, गोविंदराम सोनी, रफीक सिद्दिकी, सुरेश दीपानी, पवन अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, संदीप शर्मा, संजय अग्रवाल, संतोष भोपालपुरिया आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

एसपी एवं जिला पंचायत सीईओ ने लिया तैयारियों का जायजा

# गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह का अंतिम रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय के शासकीय हाई स्कूल मैदान में शनिवार 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम रिहर्सल संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे द्वारा तैयारियों का जायजा लिया गया।

अंतिम रिहर्सल के अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। उन्होंने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। रिहर्सल के दौरान परेड, पी.टी. एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही जिला स्तरीय समारोह के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम का अभ्यास भी किया गया। रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि के मंच आगमन से लेकर परेड, मार्च-पास्ट की सलामी एवं कार्यक्रम के समापन तक सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। परेड में शामिल टुकड़ियों द्वारा देशभक्ति धुनों के साथ अनुशासित परेड प्रस्तुत की गई। मौके पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम स्थल पर बैठक व्यवस्था, मंच निर्माण, बैरिकेडिंग, सुरक्षा प्रबंध सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य तैयारियों का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी।




परेड का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय एवं जिला पंचायत सीईओ।

### वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

जिले के हाईस्कूल मैदान में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में वित्त, वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित करेंगे।

### फाइनल रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी ने किया ध्वजारोहण

**सक्ती।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सक्ती जिले के कलेक्ट्रेट परिसर के निकट स्थित जेठा मैदान में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह की तैयारी के लिए शनिवार को अंतिम रिहर्सल आयोजित किया गया। रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि बने जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.कुमुदनी बाघ द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया। फाइनल रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, स्वागत, ध्वजारोहण, परेड सलामी, मार्च पास्ट, मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमांडरों से परिचय, पुरस्कार वितरण आदि का रिहर्सल किया गया। उल्लेखनीय है कि जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की मुख्य अतिथि होंगी तथा ध्वजारोहण करेंगी। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कार्यक्रमों के रिहर्सल के बाद संबंधित अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामय प्रस्तुति के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने व्यवस्थित बैठक व्यवस्था, झांकी प्रदर्शन, साउंड सिस्टम, बेरिकेटिंग, पेयजल, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओ का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, अपर कलेक्टर के एस पैकरा, एसडीओपी भुनेश्वरी पैकरा,एस डी एम सक्ती अरुण सोम, सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



# एक स्कूटी पर पांच छात्र, नगर में उड़ रही यातायात नियमों की धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा



नगर में यातायात नियमों के प्रति लापरवाही लगातार चिंता का विषय बनती जा रही है। विशेष रूप से नाबालिग छात्रों द्वारा बिना हेलमेट और बिना वैध दस्तावेजों के दोपहिया वाहन चलाने की घटनाएं खुलेआम देखी जा रही हैं। नियमों की इस अनदेखी के कारण सड़क सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।नगर में आए दिन घटित हो रही सड़क दुर्घटनाओं में यह सामने आ रहा है कि अधिकांश मामलों में हेलमेट जैसे आवश्यक सुरक्षा साधनों का उपयोग नहीं किया जा रहा है। परिणामस्वरूप कई छात्र-छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। इसके बावजूद न तो संबंधित विभागों की ओर से सख्त कार्रवाई देखने को मिल रही है और न ही कुछ अभिभावक अपने बच्चों को कानून के दायरे में रहने के लिए प्रेरित करते नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार 24 जनवरी की दोपहर मस्जिद रोड पर एक चौंकाने वाला दृश्य सामने आया, जब एक स्कूटी पर एक छात्र चालक सहित कुल पांच छात्र सवार होकर तेज गति से गुजरते दिखाई दिए। न चालक ने हेलमेट पहना था और न ही पीछे बैठे किसी छात्र ने। चालक के नाबालिग होने तथा उसके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस होने को लेकर भी संदेह जताया जा रहा है। ऐसी स्थिति में यदि कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी—नियमों की अनदेखी करने वाले छात्र, उन्हें वाहन चलाने की अनुमति देने वाले अभिभावक, या फिर समय पर कार्रवाई न करने वाला पुलिस एवं यातायात विभाग। नगरवासियों का मानना है कि सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए, नाबालिगों को वाहन चलाने से रोका जाए और अभिभावक भी अपनी जिम्मेदारी समझें, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुखद घटना से बचा जा सके।

- नाबालिगों द्वारा नियमों की अनदेखी, प्रशासन और अभिभावकों की भूमिका पर उठे सवाल

# रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तुस्मा

मुड़पार में गुरुवार 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्रतिमा के प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर रैली का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक और धार्मिक क्षण को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह और उल्लास देखने को मिला। रैली में ग्राम के युवाओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुबह से ही गांव में धार्मिक वातावरण बना रहा। रैली की शुरुआत गांव के प्रमुख चौक से हुई,जहां बाजे-गाजे की मधुर धुनों के बीच प्रतिभागी नाचते-गाते हुए "जय जय श्री राम"के गगन भेदी नारे लगाते हुए आगे बढ़े। भगवा झंडों,श्रीराम के जयघोष और भक्ति गीतों से पूरा ग्राम क्षेत्र राममय हो गया। रैली गांव के विभिन्न मार्गों से होकर भ्रमण करती हुई प्रमुख स्थानों पर पहुंची,जहां लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। रैली में शामिल युवाओं ने इसे सनातन संस्कृति और भारतीय आस्था का गौरवपूर्ण क्षण बताया। ग्राम मुड़पार में आयोजित रैली धार्मिक आस्था,सामाजिक एकता और उत्सव की भावना का प्रतीक बनी,जिसे ग्रामवासी लंबे समय तक स्मरण रखेंगे। इस बीच अशोक कर्ष उपसरपंच बलदाऊ कश्यप,आभाष गोस्वामी,चंद्र कुमार कश्यप,बबलू राज,राकेश,प्रवीण पंकज,नंदकिशोर,जगदीश पटेल,नितेश गोस्वामी,लाला कश्यप मौजूद रहे।



### बिल जमा नहीं करने वाले 116 उपभोक्ताओं के काटा कनेक्शन

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता के निर्देश एवं मार्गदर्शन में अकलतरा संभाग अंतर्गत वृत स्तर पर मास डिस्कनेक्शन अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य लंबे समय से बकाया बिजली बिलों की वसूली एवं राजस्व संग्रहण को सुदृढ़ करना रहा। अभियान के तहत जांजगीर एवं सक्ती क्षेत्र के सहायक अभियंताओं एवं कनिष्ठ अभियंताओं की सहभागिता से कुल 18 विशेष टीमों का गठन किया गया, जिन्होंने विद्युत संभाग अकलतरा क्षेत्र में व्यापक कार्रवाई की।विद्युत विभाग द्वारा जारी सूची के अनुसार, क्षेत्र में कुल 785 बकायादार उपभोक्ताओं पर लगभग 115.90 लाख रुपये की बकाया राशि थी। अभियान के दौरान बकाया राशि जमा नहीं करने वाले 116 उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन विच्छेद किया गया, जिन पर 21.52 लाख रुपये की देनदारी थी। वहीं कार्रवाई के दौरान विभाग की सख्ती और समझाइश का असर देखने को मिला, जिसके फलस्वरूप 162 उपभोक्ताओं से 33.67 लाख रुपये की राशि की वसूली की गई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा ताकि समय पर राजस्व की प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके। विभाग ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी बकाया रहने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### वार्षिकोत्सव...




**जांजगीर- चाम्पा।** बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार 23 जनवरी को ज्ञानदीप स्कूल जांजगीर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया।

### जमड़ी के महाकालेश्वर मंदिर में पांच दिवसीय महाशिवरात्रि मेला 15 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम जमडी (मल्दा) के महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर पांच दिवसीय महाशिवरात्रि मेला का आयोजन रविवार 15 फरवरी को शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में सौरभ कुमार शुक्ला ने बताया कि भव्य महाशिवरात्रि मेला में झूला, तमाशा ,सर्कस, मौत कुआं और कई प्रकार के व्यंजन एवं मनोरंजन के साधन आदि का व्यवस्था ग्राम वासियों के द्वारा किया जा रहा है। इस मेला का समापन 19 फरवरी दिन गुरुवार को होगा। आयोजन की तैयारी को लेकर ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

## सरकार वादे के अनुरूप हर एक किसान का खरीदेगी धान : पांडेय

**जांजगीर-चांपा।** भाजपा छत्तीसगढ़ किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजी. रवि पाण्डेय धान खरीदी केन्द्र पेण्ड्री पहुंचकर वहां उपस्थित किसानों से बातचीत की। खरीदी केन्द्र के प्रभारी ने उन्हें बताया कि लगभग 70 किसानों के आवेदन आये है उन्हें टोकन जारी किया जाना है। उपस्थित किसानों को इंजीनियर पाण्डेय ने आश्वस्त किया कि सरकार अपनी वादे के अनुरूप हर एक किसानो का धान खरीदेगी और बचे हुए आवेदन पर सहकारिता सत्यापन पश्चात आनलाइन प्रविष्ट कर टोकन जारी कर दिया जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता ने वहां उपस्थित कई किसानों का आभार जताया जिनके जिस रकबे मे धान नही बेचा जा रहा है उसे शासन को समर्पित किए है। उन्होंने बताया कि रकबा समर्पण अभियान का मुख्य उद्देश्य धान खरीदी की पारदर्शिता रखते हुए बिचैलियों पर रोक लगाना। इस योजना का वास्तविक लाभ वास्तविक जरूरत मंदो को मिल सके। उन्होंने किसानों की जागरूकता की भूरी-भूरी प्रशंसा किया। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि रकबा समर्पण केवल वर्तमान सत्र के लिए है और इसका असर अगले वर्ष के रिकार्ड पर नहीं पड़ेगा। इंजीनियर पाण्डेय ने किसानों को आश्वस्त किया कि 31 जनवरी तक प्रदेश के समस्त किसानों का धान की खरीदी शासन कर लेगी। इस अवसर पर क्षेत्र के किसान और खरीदी केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

- धान खरीदी केन्द्र पेण्ड्री पहुंचे किसान मोर्चा के प्रवक्ता, किसानों से की चर्चा



खरीदी केन्द्र में किसानों से चर्चा करते इंजीनियर रवि पांडेय।

## कृषि व पशु सखियां लें रहीं कृषि, पशुपालन, आचार व पापड़ का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

एसबीआई आरसेटी जांजगीर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की 35 कृषि सखी व पशु सखी दीदियों को कृषि, पशुपालन व आचार पापड़ व मसाला उद्योग को लेकर संस्थान के निदेशक लक्ष्मीनारायण सिंकू के मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव, फेकेल्टी अरुण पाण्डेय व उत्तम राठौर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान उन्हें क़ृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण कराया गया। जहां वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ के डी महंत ने प्राकृतिक खेती और कीट वैज्ञानिक ने फसलों में लगने वाली कीड़े बीमारी के बारे जानकारी दी। भ्रमण में हाईटेक पॉली हॉउस में ड्रीप व मलचिंग सिस्टम से सब्जी उन्नत खेती, मछली सह बतख पालन, डेयरी, बायो फ्लॉक, समन्वित क़ृषि प्रणाली, धनिया की खेती, अंजोला इकाई आदि का अवलोकन किया। भ्रमण में नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पीथमपुर से भारती साहू, प्रीति साहू, धाराशिव रोगदा से विनीता यादव, रामकुमारी यादव, सिउड़ से शिवकुमारी करियारे, दीपा कश्यप, खैरा से मानमती मानिकपुरी, खोखरा से अंजली बरेठ, प्रतिभा राठौर, कर्रा से हेमलता कश्यप, प्रभा धीवर, धाराशिव से अनिता चौहान, सीमा राठौर, भड़ेसर नर्मदा जोशी, इंदु साहू, पेण्ड्री नवागढ़ से दुलेश्वरी कुर्रे, पद्मि साहू, कन्हाईबंद से प्रियंका यादव, सुनीता लाठिया, हरदी हरि से गंगा बाई कहरा, श्याम बाई प्रधान, भैसमुड़ी से सविता कर्ष, सोनमती साहू, पेण्ड्री जांजगीर से विद्या देवी कश्यप, पूर्णिमा कश्यप, रोगदा से जरीना बेगम, रोहिणी साहू, बम्हनीडीह ब्लॉक के बरगड़ी से पुष्पा साहू, चारपारा से रामकुमारी साहू, गोविंदा से ललिता पटेल, जयश्री पटेल, डभरा ब्लॉक के कुसमुल से मोहन कुमारी मिरी, रामायण बाई धीरहे, बसंतपुर से उमेश्वरी निषाद, केशरी निषाद आदि बिहान की क़ृषि सखी व पशु सखी दीदियां शामिल थीं।



बिहान के कृषि व पशु सखियों ने किया केवीके का भ्रमण

# महिला कमांडो टीम के साथ पुलिस ने निकाली नशा मुक्ति रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

अवैध शराब के विरुद्ध महिला कमांडो टीम के साथ थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा ग्राम कटौद में नशा मुक्ति रैली निकालकर ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। इसके पश्चात थाना नवागढ़ पुलिस टीम द्वारा ग्राम कटौद एवं आसपास के क्षेत्रों में अवैध शराब निर्माण के संभावित ठिकानों पर छापेमारी (रेड) कार्रवाई की गई।

- अवैध शराब निर्माण के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कार्रवाई कर जब्त किया सामग्री

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा निरीक्षक कमलेश सेंडे थाना प्रभारी नवागढ़ के नेतृत्व में 23 जनवरी को नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम कटौद में महिला कमांडो बल के साथ नशा मुक्ति रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए अवैध शराब के खिलाफ जागरूक किया गया। इसके पश्चात थाना नवागढ़ पुलिस टीम द्वारा ग्राम कटौद एवं आसपास के क्षेत्रों में अवैध शराब निर्माण के संभावित ठिकानों पर छापेमारी (रेड) कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर अवैध रूप से शराब बनाने के लिए उपयोग किए जा रहे चुल्हे, महुआ पास एवं अन्य सामग्री बरामद की गई, जिन्हें मौके पर ही नष्ट किया गया। जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जिले में अवैध शराब, नशा कारोबार एवं सामाजिक अपराधों के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी प्रकार लगातार जारी रहेगा।




अवैध शराब के विरुद्ध नशा मुक्ति रैली निकालती महिला कमांडो एवं पुलिस टीम।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मदरिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. ऐश्वर्य मदरिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123



06 फरवरी, 20 फरवरी,
13 मार्च,27 मार्च 2026
होटल, बस ,खाना, गाईड
राशि:- मात्र 6000/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411